कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।
दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

जल सारथी

पत्रांक : 5117 / वि-3 / 58 दिनांक : 29/9/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **दिनांक 28.09.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन से 8 दिन से पानी बंदःचुगलाहार और तेरिया में ग्रामीण परेशान, टंकी के पास गंदगी का अंबार", के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 28.09.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन से 8 दिन से पानी बंदःचुगलाहार और तेरिया में ग्रामीण परेशान, टंकी के पास गंदगी का अंबार" शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड कोथावां तहसील सण्डीला की तेरिया पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत हैः–

बिन्दु	प्रकाशित खबर	खण्ड की आख्या
1.	हरदोई के संडीला–बेनीगंज रोड पर चुगलाहार संपर्क मार्ग स्थित ग्राम पंचायत तेरिया में "जल जीवन मिशन" की तरफ से पिछले 8 दिनों से पानी की सप्लाई बंद है। इससे ग्रामीणों को घर के कामों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।	उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड कोथावां तहसील सण्डीला की तेरिया पेयजल योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 458 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 6.37 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 452 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 6.37 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिन्हे दिसम्बर 2027 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोथावां तहसील सण्डीला की तेरिया पेयजल योजना में मुख्य पाइप लाइन से जुड़े हुये फायर हाइड्रेंट के टी से अत्यधिक रिसाव हो रहा था, जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बाधित थी। विगत तीन दिनों में अतिवृष्टि के कारण जल भराव हो गया है। अतः मरम्मत का कार्य नहीं कराया जा सका। अगामी तीन दिवसो में लीकेज मरम्मत का कार्य करा कर पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

(मनीष सांगवार)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
3. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता (खण्डान्तर्गत)।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता